तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार 25 जून 2026



12 ट्रक और हाइवा की सीधी भिड़ंत के बाद लगी आग ...





12 हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में हर्षोल्लास ...







हरिभूमि सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन 25 जून 2026
कूपन नं. 5


# यात्रियों से मनमानी वसूली पड़ेगी भारी, शिकायत सही मिली तो निरस्त होगा परमिट

## आठ बसों में मिली खामियां, किराया सूची चस्पा करने और यूनिफॉर्म पहनने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

निजी यात्री बसों द्वारा यात्रियों से निर्धारित दर से अधिक किराया वसूले जाने की शिकायतों के बाद परिवहन विभाग हरकत में आ गया है। नए बस स्टैंड में औचक जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान कई बसों में नियमों की अनदेखी सामने आने पर चालानी कार्रवाई करते हुए शमन शुल्क वसूला गया। साथ ही बस संचालकों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि अधिक किराया वसूली की शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित वाहनों के परमिट निरस्तीकरण के लिए क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण को प्रस्ताव भेजा जाएगा

- अभाविप के ज्ञापन के बाद नए बस स्टैंड में औचक जांच 3,800 रुपए शमन शुल्क वसूला गया



### अधिक किराया वसूली पर होगी कार्रवाई

परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी बस के खिलाफ अधिक किराया वसूली की शिकायत सही पाई जाती है तो संबंधित वाहन के परमिट निरस्तीकरण की कार्रवाई के लिए क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण को प्रस्ताव भेजा जाएगा। इसके अलावा सभी बसों में किराया सूची चस्पा करने, चालक और परिचालक को निर्धारित यूनिफॉर्म पहनकर वाहन संचालन करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

जिला परिवहन अधिकारी प्रकाश रावटे ने बताया कि निजी यात्री बस संचालकों द्वारा निर्धारित किराए से अधिक राशि वसूलने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इसी के मद्देनजर परिवहन विभाग की टीम ने नए बस स्टैंड में विभिन्न कंपनी के बस ट्रेवल्स सहित करीब 20 यात्री बसों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आठ यात्री बसों में विभिन्न प्रकार की खामियां पाई गईं, जिस पर मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 3,800 रुपए शमन शुल्क वसूला गया। ▶▶|शेष पेज 10 पर


2011 से संचालित
शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482 81030 45003
Website : ssscn.ac.in


## जुर्माना बढ़ाने से लेकर डेड रेंट में वृद्धि तक किए गए कई बड़े बदलाव

# जिले में अवैध रेत कारोबार में ढाई माह में साढ़े 27 लाख वसूल किया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन पर लगाम कसने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने गौण खनिज नियमों में बड़ा फेरबदल किया है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद लागू किए गए नए प्रावधानों के तहत अब अवैध खनिज कारोबार करने वालों को पहले से कहीं ज्यादा जुर्माना भरना पड़ेगा। साथ ही जब्त वाहनों की सुपुर्दगी, उत्खनन अनुज्ञापत्र, खनन पट्टों और रॉयल्टी व्यवस्था में भी अहम बदलाव किए गए हैं। सरकार का मानना है कि इन नए नियमों से न केवल अवैध कारोबार पर अंकुश लगेगा, बल्कि खनिज राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी।

- अवैध खनिज कारोबार पर सरकार ने कसा शिकंजा जमकर बढ़ाया जुर्माना

उच्च न्यायालय बिलासपुर में जनहित याचिका क्रमांक 66/2023 के निर्णय के बाद गठित समिति की सिफारिशों के आधार पर खनिज साधन विभाग ने यह संशोधन किया है। नए नियमों के तहत अब अवैध उत्खनन, भंडारण और परिवहन के मामलों में न्यूनतम समझौता राशि 25 हजार रुपये से कम नहीं होगी, वहीं अवैध परिवहन करने वालों से प्रति टन दो हजार रुपये ▶▶|शेष पेज 10 पर

### डेड रेंट में दरो की वृद्धि का लिया निर्णय

सरकार ने निर्माण विभागों में रॉयल्टी कटौती की दरों में एकरूपता लाने, पट्टा समामेलन की प्रक्रिया को सरल बनाने तथा गौण खनिजों से प्राप्त राजस्व को जिला पंचायतों तक वितरित करने का भी प्रावधान किया है, वहीं करीब 30 वर्षों बाद खदानों के डेड रेंट (अनिवार्य भाटक) की दरों में वृद्धि का निर्णय लिया गया है।

# केवटी के पास सड़क हादसे में युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



थाना भानुप्रतापपुर में बुधवार को एक युवक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल के परिजन ने कांकेर रोडवेज की बस क्रमांक सीजी 19 बीके 5400 के चालक पर तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का आरोप लगाया गया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

- बस चालक पर लापरवाही का आरोप

घायल के परिजन रोहित कुमार कुलदीप ने शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि ग्राम पाऊरखेड़ा निवासी 26 वर्षीय किशोर कुमार कुलदीप 18 जून को अपने चाचा शिकायतकर्ता से मिलने ग्राम आसुलखार आया था और शिकायतकर्ता से मिलने के उपरांत उसी दिन रात करीब 10 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीजी 8875 से वापस पाऊरखेड़ा लौट रहा था। ग्राम केवटी से लगभग 200 मीटर पहले सामने चल रही कांकेर रोडवेज की बस को चालक तेज गति और लहराते हुए चला रहा था। इसी दौरान बस चालक ने यात्रियों को बैठाने के लिए बिना किसी संकेत या इशारे के अचानक बस को सड़क के बीचों-बीच रोक दिया। अचानक बस रुकने से पीछे चल रहा किशोर कुमार अपनी मोटरसाइकिल सहित बस के पिछले हिस्से से टकरा गया। हादसे में उसके चेहरे, हाथ तथा शरीर के अन्य ▶▶|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### सेवा सेतु पोर्टल पर विवाह प्रमाण पत्र और नाम परिवर्तन की सुविधा



**कांकेर।** जिले के नागरिकों की सुविधा के लिए सेवा सेतु पोर्टल पर आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र के साथ अब विवाह प्रमाण पत्र तथा नाम परिवर्तन की सेवाएं भी ऑनलाइन उपलब्ध करा दी गई हैं। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर घनश्याम साहू ने बताया कि ऑनलाइन प्रक्रिया से आवेदन सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक हो गया है। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित समय-सीमा में आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। नागरिक स्वयं या नजदीकी सेवा सेतु केंद्र व च्वाइस सेंटर के माध्यम से विभिन्न सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन कर शासन की डिजिटल सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं।

### जिले में 4484 क्विं. बीज का किया गया वितरण

**कांकेर।** कृषि विभाग के उप संचालक जितेंद्र कोमरा ने बताया कि 12021 क्विंटल बीज वितरण के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 4484.04 क्विंटल बीज किसानों को वितरित किया जा चुका है, जबकि 1814.60 क्विंटल बीज उपलब्ध है। जिले में 49976.18 मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है, जिसमें से 27747.13 मीट्रिक टन उर्वरक किसानों को वितरित किया जा चुका है। खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभाग लगातार निरीक्षण कर रहा है।

### ई-रिक्शा के लिए मिलेगी डेढ़ लाख की सहायता

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत महिला श्रमिकों के लिए दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना संचालित की जा रही है। ▶▶|शेष पेज 10 पर

## सड़क पर गिरे पेड़ नहीं हटे, बस सेवा ठप, लापरवाही उजागर

# दो दिनों से बंद पड़ा इरपानार मार्ग बिजली संकट से भी जूझ रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

तेज आंधी-तूफान और हल्की बारिश के बाद बांदे थाना क्षेत्र के इरपानार इलाके में हालात सामान्य होने के बजाय और बिगड़ते नजर आ रहे हैं। तूफान के दो दिन बाद भी सड़क पर गिरे विशाल पेड़ों को नहीं हटाया जा सका है, जिससे इरपानार जाने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध है। घंटों तक ठप रही बिजली व्यवस्था ने ग्रामीणों की परेशानियों को और बढ़ा दिया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्राकृतिक आपदा के बाद भी प्रशासन और संबंधित विभागों की ओर से त्वरित राहत एवं कार्रवाई नहीं की गई, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

- प्राकृतिक आपदा के बाद राहत नदारद, जिम्मेदारों ने साधा मौन

22 जून की शाम को आए तेज आंधी-तूफान के दौरान बांदे-कोरेनार मार्ग पर दो बड़े पेड़ गिर गए। इससे कोरेनार और इरपानार को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग बंद हो गया। दो दिन बीत जाने के बावजूद पेड़ों को हटाने की दिशा में कोई प्रभावी पहल नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र की एकमात्र रोडवेज बस सेवा भी बाधित हो गई है, जिसके चलते लोगों को निजी वाहनों और जुगाड़ साधनों के भरोसे सफर करना पड़ रहा है। सरकारी कर्मचारी, विद्यार्थी और रोजाना आवागमन करने वाले लोग सबसे अधिक प्रभावित हैं। तूफान के बाद इरपानार क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था भी चरमरा गई। करीब 24 घंटे तक गांव अंधेरे में डूबा रहा। ग्रामीणों का कहना है कि मामूली हवा और बारिश के बाद भी बिजली आपूर्ति बाधित होना आम बात बन चुकी है। रात के समय फाल्ट होने पर विभागीय कर्मचारियों से संपर्क तक नहीं हो पाता।



### ग्रामीणों ने लगाई गुहार, नहीं हुई सुनवाई

ग्रामीण महादेव कुंडू, अखिल सरकार, अजय राय और सुशांत ने बताया कि इस समस्या से कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से तत्काल सड़क से गिरे पेड़ों को हटाकर यातायात बहाल करने और क्षेत्र में स्थायी एवं सुचारु विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

### प्रतिबंध के बावजूद रोड में घुसा, जांच के बाद जुर्म दर्ज

**कांकेर।** निर्माणाधीन भारतमाला रोड पर प्रतिबंध के बावजूद प्रवेश करना एक युवक के लिए जानलेवा साबित हुआ। 20 मई की रात ग्राम बासनवाही के पास तेज रफ्तार बाइक सीमेंट ब्लॉकों से टकरा गई, जिससे धमतरी जिले के घुरावड़ा निवासी 18 वर्षीय विष्णु कोर्राम की मौत हो गई, जबकि चालक तरुण मंडावी घायल हो गया।

मर्ग जांच, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और गवाहों के बयान के आधार पर पुलिस ने तरुण मंडावी के खिलाफ धारा 106 (1), 125 और 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




एक App – हर NEET ADMISSION SOLUTION
Chat & Talk with NEET Experts
सिर्फ ₹ 50 /मिनट से
DOCTOR ADMISSION
NEET GUIDANCE की पूरी दुनिया
SCAN TO DOWNLOAD
GET IT ON Google Play
www.doctoradmission.com
NEET UG
MBBS • BAMS • BDS
Chat & Talk NEET Experts
All State Counseling Updates
College Predictor
NEET PG
MD • MS • MDS
Fee Predictor
Bond, NRI & Documents
Cut-Off & Seat Info
सही जानकारी सही मार्गदर्शन सही कॉलेज सही भविष्य
1 क्या आप कंसल्टेंट और एजेंसी के पीछे लाखों खर्च कर रहे है? तो अब नहीं..
2 क्या आप चाहते हैं कि जो एक शहर से दूसरे शहर जाने में आपका खर्च होता है, उतने में ही आपका NEET Expert से बात हो जाए?
3 क्या आप हर स्टेट की काउंसलिंग, कॉलेज, फीस के लिए अलग-अलग Youtube चैनल, Instagram, Telegram चैनल और Google पर सर्च कर रहे है? तो Doctor Admission App पर जाइए, आपको सारी जानकारी एक साथ मिलेगा।
4 अपने स्कोर के हिसाब से स्टेट, कॉलेज और फीस डिसाईड कीजिए, कॉलेज प्रेडिक्टर और फीस प्रेडिक्टर पर डॉक्टर एडमिशन ऐप के साथ।
5 क्या आप नहीं चाहते की अपने मेडिकल एडमिशन का निर्णय खुद ले।
मानसिकता नहीं सोंच चेंज करनी है, डॉक्टर एडमिशन ऐप के साथ। मेरा हक, मेरी सीट।
ऐप डाउनलोड करने में समस्या हो तो तुरंत संपर्क करें ... 6232006109



अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### बिहान योजना से बदली चन्द्रिका की जिंदगी



**कांकेर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित बिहान योजना जिले की महिलाओं के लिए आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम बन रही है। कांकेर विकासखंड के ग्राम कोकपुर निवासी चन्द्रिका जैन इसकी प्रेरणादायक मिसाल हैं। आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार की स्थिति को सुधारने के लिए उन्होंने वर्ष 2024 में दन्तेश्वरी स्व-सहायता समूह से जुड़कर नियमित बचत और वित्तीय प्रबंधन की शुरुआत की। बिहान योजना के तहत उन्हें चक्रीय निधि और 60 हजार रुपए की सामुदायिक निवेश राशि मिली। बीपीएम, एसी और पीआरपी के मार्गदर्शन से उन्होंने किराना दुकान शुरू की तथा कृषि गतिविधियों का विस्तार किया। बाद में बैंक से मुद्रा ऋण लेकर ट्रैक्टर और जेसीबी मशीन खरीदी, जिन्हें किराये पर देकर अतिरिक्त आय अर्जित कर रही हैं। वर्तमान में उनकी मासिक आय करीब 20 हजार रुपये और वार्षिक आय 2.40 लाख रुपए है। चन्द्रिका जैन ने बताया कि बिहान योजना ने उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान किया है।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, मामला दर्ज




**कांकेर।** थाना छोटेबेठिया पुलिस ने मर्ग जांच पूर्ण करने के बाद सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के मामले में आरोपी बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जांच में सामने आया कि 30 अप्रैल 2025 को ग्राम घोटुलबेड़ा निवासी 20 वर्षीय डेविड किस्पोट्टा अपने चचेरे भाई सतीश किस्पोट्टा के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीएफ 4219 से बागोघोड़िया से छोटेबेठिया आ रहा था। छोटेबेठिया मैदान के पास सामने से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीई 7808 के चालक महाराष्ट्र के मेंढरी निवासी संजय किरंगा ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में डेविड किस्पोट्टा के सिर, चेहरे, जबड़े और पैर में गंभीर चोटें आईं। इलाज के दौरान 4 मई 2025 को उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक संजय किरंगा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 एवं 106(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

## निधन

### मोडूराम उयके

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम महेंद्रपुर सटेली निवासी मोडूराम उयके का 23 जून को निधन हो गया, वे कुछ दिनों से अस्वथ्य चल रहे थे। वे शंभूराम उयके के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार में ग्रामीण व रिश्तेदार शामिल हुए।



समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय, कांकेर जिला कांकेर (छ.ग.)

**// शपथ पत्र //**

मैं पुरूषोत्तम नाग पिता गिरवर नाग आयु- 40 वर्ष जाति धोबी, निवासी पता बरकई, मालगांव पो. सारवंडी तहसील सरोना जिला कांकेर छ.ग. शपथ पूर्वक निम्न कथन करता हूँ कि :-

01. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है ।
02. यह कि मेरे पुत्र- रोहन कुमार नाग पिता पुरुषोत्तम नाग जाति धोबी जिसका आधार कार्ड सं. 624660298872 है ।
03. यह कि प्राप्त आधार कार्ड में पुत्र का नाम त्रुटिवश मेरे ग्राम का नाम (बरकई) BARKAI है जो कि पूर्णतः गलत है एवं लिपिकीय त्रुटि है ।
04. यह कि मेरे पुत्र का सही एवं वास्ताविक नाम - रोहन कुमार नाग पिता पुरूषोत्तम नाग माता- कल्पना नाग ROHAN KUMAR NAG FATHAER NAME- PURUSHOTTAM NAG MOTHAER- KALPANA NAG है जो सही एवं सत्य है इसी नाम को दर्ज करा कर नया प्राप्त करना चाहता हूँ। जिसको मैं शासकीय गजट में राजपत्र प्रकाशन करवाने एवं शासकीय/अर्द्धशासकीय दस्तावेजों व अन्य अभिलेखों में अंकित करवाने बाबत आवश्यक दस्तावेजों के साथ यह शपथ पत्र पेश है ।

**शपथकर्ता- पुरुषोत्तम नाग**

**//सत्यापन//**

मै उपरोक्त शपथकर्ता शपथ पूर्वक यह सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से कंडिका क्र. 04 में दी गई सभी जानकारी सही व सत्य है मैने आज दिनांक 12.06.2026 को स्थान कांकेर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूँ।

**सत्यापनकर्ता-पुरुषोत्तम नाग**

# विधायक लता ने 7.50 करोड़ के 42 विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में लगभग 7.50 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत 42 विकास कार्यों का भूमिपूजन कर ग्रामीण विकास को नई दिशा दी। इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी–कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद रहे। भूमिपूजन कार्यक्रम के पहले चरण में चिखलपुटी, कुकाड़गारपाल, बड़ेकनेरा, बड़ेबेंदरी और छोटे भिरावंड ग्राम पंचायतों में 166.72 लाख रुपये की लागत से 19 विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। इनमें सामुदायिक भवन, सीसी सड़क, विद्यालय भवन, अतिरिक्त कक्ष, अटल डिजिटल सुविधा केंद्र, शेड, रंगमंच तथा स्नानघाट निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं। दूसरे चरण में चलका, किवईबालेंगा और आसपास के गांवों में 583.69 लाख रुपये की लागत से 23 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इनमें नारायणपुर रोड से चलका तक 4.50 किलोमीटर सड़क निर्माण का 420.77 लाख रुपये का प्रमुख कार्य शामिल है। ग्रामीणों के अनुसार यह सड़क लंबे समय से क्षेत्र की प्रमुख मांग थी। पहले नक्सल प्रभावित होने के कारण दोपहर बाद इस क्षेत्र में आवाजाही कठिन मानी जाती थी, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। इसी का प्रतीक रहा कि शाम करीब 5 बजे चलका में वृहद भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## कोंडागांव में विकास की नई रफ्तार, गांवों में हो रहा काम



### पुलिया, पेयजल, स्कूल, डिजिटल सुविधाओं का भी होगा विस्तार

*स्वीकृत कार्यों में सड़क निर्माण के अलावा पुलिया, उचित मूल्य दुकान, विद्यालय भवन, पेयजल योजना, रंगमंच तथा सीसी सड़क निर्माण जैसी कई आधारभूत विकास परियोजनाएं भी शामिल हैं, जिनसे क्षेत्र के लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलने की उम्मीद है।*

### मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक लता उसेंडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों के दौरान संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, शिक्षा, पेयजल और सामुदायिक सुविधाओं का विस्तार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से गांवों के समग्र विकास को नई गति मिलेगी।

## आयोजन : नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक, पुष्पगुच्छ और तालियों से आत्मीय स्वागत

# हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में हर्षोल्लास से मनाया गया संकुल एवं शाला स्तरीय प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में संकुल एवं शाला स्तरीय प्रवेशोत्सव का आयोजन अत्यंत उत्साह, गरिमा और भव्यता के साथ किया गया। इस अवसर पर कक्षा पहली, छठवीं एवं नवमी में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर, फूलों के गुलदस्ते भेंट कर और गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर में बच्चों और उनके अभिभावकों के खिले चेहरे कार्यक्रम की सफलता और उल्लास को दर्शा रहे थे। प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यार्थियों को शासन की योजना के तहत निरूशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। साथ ही दो जोड़ी स्कूली गणवेश भी प्रदान किए गए, जिससे बच्चों में नए सत्र को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सुंदर बती सोरी ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासन का पालन करने और शिक्षा के माध्यम से अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। विशिष्ट अतिथि एवं ग्राम पंचायत मयूर डोंगर के सरपंच जय लाल नेताम ने विद्यार्थियों को लगन और मेहनत के साथ अध्ययन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के जिम्मेदार नागरिक बनेंगे, इसलिए शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना आवश्यक है। संकुल समन्वयक दुर्गा शंकर दीवान ने इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में नवप्रवेशी विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के लक्ष्य पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सभी बच्चों को मन लगाकर अध्ययन करने और विद्यालय का नाम रोशन करने का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता यशवंत देवांगन द्वारा किया गया। उनके कुशल संचालन ने समारोह को अनुशासित, रोचक और प्रेरणादायी बनाए रखा। प्रवेश उत्सव के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अतिथियों के लिए चाय–नाश्ते की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद सभी के लिए सामूहिक भोजन का आयोजन भी किया गया। इस आत्मीय आतिथ्य की सभी ने सराहना की।

- नवप्रवेशी बच्चों को मिला नि :शुल्क पुस्तकें और दो जोड़ी गणवेश

### उत्सव ने बढ़ाया बच्चों और अभिभावकों का उत्साह

संपूर्ण कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का सम्मानपूर्वक स्वागत, शैक्षणिक सामग्री का वितरण और प्रेरणादायी संबोधनों ने बच्चों में विद्यालय के प्रति अपनापन और पढ़ाई के प्रति नई ऊर्जा का संचार किया। अभिभावकों ने भी इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए इसे बच्चों के भविष्य के लिए प्रेरक पहल बताया।

### शिक्षा जीवन का सबसे बड़ा चमत्कारः प्राचार्य

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य जमील खान ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि जिस प्रकार जीवन के लिए भोजन, जल और वायु अनिवार्य हैं, उसी प्रकार जीवन में सफलता और प्रगति के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शिक्षा को वर्तमान समय का सबसे बड़ा चमत्कार बताते हुए बच्चों और अभिभावकों से विद्यालय से निरंतर जुड़े रहने का आह्वान किया।

### ये रहे उपस्थित

आयोजन में संस्था के समस्त छात्र छात्राएं, पालकगण, ग्रामीणजन, श्रीमती रीता प्रधान, सुषमा पात्र, सारिका कश्यप, कु. दुलेश्वरी दर्रो, हेमंत देहारी, संजीव तालुकदार, उमाकांत दीवान, राजू राम मरकाम, तुलेश्वर नाग, चंद्रा रेखा ध्रुव, जय मनी सोरी, कौशल्या साहू, रामप्रसाद, भारत देवांगन तथा विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ कार्यक्रम की सफलता में सहभागी बना।

# गंगा दशहरा पर दूध नदी में विधिविधान से यज्ञ-पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

गंगा दशहरा एवं गायत्री जयंती के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार तथा जनसहयोग समाजसेवी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में शहर की ऐतिहासिक दूध नदी के तट पर विधिविधान से यज्ञ, पूजन और आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान नदी के संरक्षण, जल शुद्धिकरण तथा प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए सामूहिक संकल्प लिया गया।

आयोजकों ने बताया कि जल संकट और बढ़ते प्रदूषण के कारण दूध नदी का अस्तित्व संकट में पड़ता जा रहा है। नदी को स्वच्छ और निर्मल बनाने के उद्देश्य से जन सहयोग समाजसेवी संस्था द्वारा नियमित रूप से सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अखिल विश्व गायत्री परिवार ने भागीरथी जल संरक्षण अभियान के तहत दूध नदी के तट पर यज्ञ कर स्थानीय देवी-देवताओं का आह्वान एवं पूजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य नदी की सफाई, जल संरक्षण और इसके प्राचीन गौरव एवं महत्व के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है, ताकि दूध नदी अपने पुराने स्वरूप को पुनः प्राप्त कर सके। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने व्यक्तिगत स्तर पर नदी को प्रदूषण मुक्त रखने के साथ-साथ आसपास के लोगों को भी इस अभियान में सहभागी बनाने और संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास करने का सामूहिक संकल्प लिया।

# शासकीय हाईस्कूल पीवी 5 में धूमधाम से मना प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर



नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर शासकीय हाई स्कूल पीवी 05 में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य नरेटी के मार्गदर्शन तथा संचालक रंजीत कर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्प भेंट कर और मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नियमित उपस्थिति, अनुशासन, नैतिक मूल्यों तथा विद्यालय के विकास में सामुदायिक सहभागिता के महत्व की जानकारी दी गई। उपस्थित अभिभावकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और विद्यालय के सर्वांगीण विकास में सहयोग का संकल्प लिया। इस अवसर पर अभिभावकों एवं गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति एसएमडीसी का गठन भी किया गया। समिति के अध्यक्ष पद पर मृणाल मंडल तथा उपाध्यक्ष पद पर अशोक कुरेटी का चयन किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता सुखरंजन पाल, पंचायत प्रतिनिधि हरिमति सरकार, शिक्षाविद् एवं ग्रामवासी प्रतिनिधि असीम मिस्त्री तथा भूतपूर्व छात्र प्रतिनिधि प्रणव विश्वास और रविंद्र सरदार को समिति में शामिल किया गया। अभिभावकों ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों की सराहना करते हुए निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर पुजारी, सीमा चंद्रवंशी, मीरा बागी, भगवानी ध्रुव, विपुल चंद्रबर, कुमेर सिंह पुरामें, विनिता कुजूर सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त शिक्षक व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को दी गई विदाई



**दुर्गुकोंदल।** महेंद्रपुर में मंगलवार को माशा के प्रधान अध्यापक सुखूराम नेताम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बिंदा सलाम के सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने दोनों का श्रीफल, शॉल और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया। वक्ताओं ने सुखूराम नेताम के अनुशासन और बिंदा सलाम के बच्चों के प्रति ममता भाव को प्रेरणादायी बताया। विदाई के दौरान छात्र-छात्राएं भावुक हो गए और अपने प्रिय गुरुजनों के साथ बिताए पलों को याद किया। सुखूराम नेताम ने बच्चों को अनुशासन और मेहनत का संदेश दिया, वहीं बिंदा सलाम ने बच्चों की सेवा को जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया। कार्यक्रम के बाद मितानिन नर्मिला सलाम की ओर से न्योता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य पीलम नरेटी तथा विशेष अतिथि ग्राम पटेल रमसू नरेटी एवं अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रतीराम जैन और पंचम नरेटी ने की।

## कोरर में नए थाना प्रभारी नामदेव ने किया पदग्रहण

**कोरर।** पुलिस थाना कोरर में नए थाना प्रभारी लक्ष्मी नारायण नामदेव ने पदभार ग्रहण किया। वे पूर्व में लोहत्तर थाना प्रभारी पद से स्थानांतरण होकर कोरर थाना प्रभारी के रूप में पदस्थ हुए हैं। पदभार ग्रहण करते ही लंबित प्रकरण पर तत्काल कार्रवाई की। जिसमें वर्तमान में चर्चित मिर्ची पावडर प्रकरण में जानलेवा हमला करने वाले तदबीर राजपूत, उसकी पत्नि अर्चना राजपूत और बेटा सुशांत राजपूत को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी ने अपराध नियंत्रण, शांति व्यवस्था, नागरिक सुरक्षा, सुव्यस्थित यातायात एवं आमजन को बेहतर पुलिस सुविधाएं उपलब्ध कराने कि बात कहीं।



# सुभाष चंद्र बोस कन्या आवासीय विद्यालयों में शुरू हुआ प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिले में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और दूरस्थ व वंचित वर्ग की छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित सुभाष चंद्र बोस कन्या आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर और जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी के निर्देशन में समग्र शिक्षा विभाग द्वारा इन विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है।

वर्तमान में दुर्गूकोंदल, कोयलीबेड़ा, नरहरपुर और कांकेर विकासखंड में संचालित इन विद्यालयों में छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा, सुरक्षित आवास, पौष्टिक भोजन, गणवेश, पाठ्यपुस्तकें सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। प्रशासन ने अनाथ, पितृविहीन, आर्थिक रूप से कमजोर, शाला त्यागी और आउट ऑफ स्कूल बालिकाओं को प्रवेश में प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद और जिला मिशन समन्वयक नवनीत पटेल ने बताया कि कांकेर विकासखंड के ग्राम बेवरती में 200 छात्राओं की क्षमता वाला नया स्थायी भवन तैयार हो चुका है, जहां आगामी सत्र से नियमित संचालन शुरू होगा। दुर्गूकोंदल स्थित शिक्षा हब परिसर में भी 200 छात्राओं के प्रवेश का लक्ष्य रखा गया है। नरहरपुर और कोयलीबेड़ा में स्थायी भवनों का निर्माण कार्य जारी है। वर्तमान में यह विद्यालय क्रमशः सरोना और छोटेबेठिया में संचालित हैं, जहां कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक की पढ़ाई जारी है। जिला प्रशासन ने अभिभावकों से बेटियों का प्रवेश कराकर उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहभागी बनने की अपील की है।

## पेज 9 के शेष

### यात्रियों से मनमानी ....

विभाग की ओर से सभी बस संचालकों को निर्धारित किराया सूची के अनुसार ही यात्रियों से किराया लेने के निर्देश दिए गए हैं। परिवहन विभाग की इस कार्रवाई को यात्रियों के हित में अहम कदम माना जा रहा है। वहीं, यात्रियों ने भी उम्मीद जताई है कि नियमित जांच और सख्त कार्रवाई से निजी बस संचालकों की मनमानी पर अंकुश लगेगा और उन्हें निर्धारित दरों पर बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

### जिले में अवैध ...

की दर से अतिरिक्त प्रशमन शुल्क भी वसूला जाएगा। यानी यदि कोई वाहन 35 टन खनिज का अवैध परिवहन करते पकड़ा जाता है तो उसे 70 हजार रुपये जुर्माने के साथ खनिज की कीमत अलग से चुकानी होगी। अधिकारियों के अनुसार, कई मामलों में वाहन मालिक न्यायालय से वाहन सुपुर्दगी में लेकर फिर उसी का उपयोग अवैध खनिज परिवहन में करने लगते थे। इसे रोकने के लिए अब जब्त वाहनों की रिहाई से पहले 50 हजार से तीन लाख रुपये तक की सुरक्षा राशि जमा कराना अनिवार्य कर दिया गया है, जिससे वाहन दोबारा अवैध गतिविधियों में इस्तेमाल न हो सकें।। सरकार का दावा है कि नए नियमों से खनिज कारोबार में पारदर्शिता आएगी, अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगेगा और राज्य के राजस्व में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। शासकीय निर्माण कार्यों के लिए उत्खनन अनुज्ञापत्र का क्षेत्रफल एक हेक्टेयर से बढ़ाकर दो हेक्टेयर तथा अवधि दो वर्ष से बढ़ाकर तीन वर्ष कर दी गई है। ढाई माह में वसूला गया लाखों रुपए का जुर्माना : जिला खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू ने बताया कि कांकेर जिला में अप्रैल 2026 से 15 जून 2026 तक अवैध रेत उत्खनन के 08 प्रकरण दर्ज किए गए, जिसमें 07 प्रकरण को निराक1त करते हुए 11 लाख 44 हजार समझौता राशि जमा करवाया गया। इसी पीरियर में उवैध रेत परिवहन के 63 प्रकरण दर्ज किए गए, जिससे 13 लाख 40 हजार 800 रुपए समझौता राशि वसूली गयी। इसी पीरियड में अवैध रेत भंडारण के 07 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें से 06 का निराकरण करते हुए 2 लाख 64 हजार राशि वसूला गया।

### केवटी के पास ...

हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। परिजनों द्वारा उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन बस क्रमांक सीजी 19 बीके 5400 का चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281, 285 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### ई-रिक्शा के लिए ...

योजना के तहत मंडल में तीन वर्ष से अधिक समय से पंजीकृत तथा वैध ड्राइविंग लाइसेंस रखने वाली महिला हितग्राहियों को ई-रिक्शा खरीदने के लिए 1.50 लाख रुपए की सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे बैंक खाते में दी जाएगी। योजना का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उनकी आय बढ़ाना है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ◆ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ◆ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ◆ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ◆ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ◆ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# करंट लगने से मजदूर की मौत के मामले में खेत मालिक पर अपराध दर्ज

## डोढ़कावाही में एक वर्ष पहले हुआ था हादसा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

थाना नरहरपुर अंतर्गत चौकी हल्बा क्षेत्र के ग्राम डोड़कावाही पत्थरीपारा में एक वर्ष पूर्व करंट लगने से हुई युवक की मौत के मामले में विस्तृत मर्ग जांच के बाद पुलिस ने खेत मालिक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार मृतक डोड़कावाही पत्थरीपारा निवासी 25 वर्षीय खिलावन नागवंशी पिता जगदेव नागवंशी घटना से करीब 15 दिन पूर्व से हरवंश महावीर के यहां खेती मजदूरी और ट्रैक्टर चलाने का काम कर रहा था। 9 जुलाई 2025 को वह हरवंश महावीर के खेत में कार्य कर रहा था। इसी दौरान सिंचाई पंप बंद होने पर हरवंश महावीर उसे ट्रांसफार्मर के पास डीओ चढ़ाने के लिए ले गया। बांस में पाइप लगाकर बनाए गए अस्थायी उपकरण से बिना किसी सुरक्षा साधन के उच्च दाब लाइन का डीओ चढ़ाने कहा गया। इस दौरान करंट लगने से खिलावन नागवंशी गंभीर रूप से झुलस गया और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद उसे 108 वाहन से जिला अस्पताल कांकेर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के दौरान बिसरा सुरक्षित कर एफएसएल और हिस्टोपैथालॉजी जांच कराई गई। एफएसएल रिपोर्ट में किसी प्रकार का विष नहीं पाया गया, जबकि हिस्टोपैथालॉजी रिपोर्ट तथा पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक द्वारा 16 मई 2026 को दिए गए स्पष्टीकरण में मृत्यु का कारण बिजली के करंट से लगी चोट बताया गया।



### पुलिस ने विवेचना में लिया

मर्ग जांच के दौरान मृतक के पिता जगदेव नागवंशी सहित अन्य गवाहों ने बयान में बताया कि मृतक बिजली का काम नहीं जानता था और हरवंश महावीर के कहने पर डीओ चढ़ाने गया था। विद्युत विभाग लखनपुरी की जांच रिपोर्ट में भी हल्की बारिश के कारण गीले बांस तथा बिना सुरक्षा उपकरण के खुले पैर से 11 केवी लाइन का डीओ चढ़ाने के दौरान हादसा होना बताया गया। पुलिस ने हरवंश महावीर के विरुद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायतों को 6 करोड़ से अधिक की राशि जारी

**कांकेर।** राज्य शासन द्वारा जिले की ग्राम पंचायतों को मूलभूत कार्यों के लिए एवं अनुसूचित क्षेत्रों के ग्राम पंचायतों को अनुदान मद अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रथम किश्त की राशि 6 करोड़ 92 हजार 600 रूपए जारी किए गए हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने बताया कि राज्य शासन से प्राप्त उक्त आवंटन की राशि को जिले के सभी 454 ग्राम पंचायतों के मूलभूत बैंक खाता में जारी की गई है। अंतागढ़ जनपद पंचायत की 56 ग्राम पंचायतों के लिए 68 लाख 71 हजार 648 रूपए, भानुप्रतापपुर की 52 ग्राम पंचायतों के लिए 72 लाख 22 हजार 438 रूपए, चारामा की 64 ग्राम पंचायतों के लिए 84 लाख 75 हजार 170 रूपए, दुर्गूकोंदल की 44 ग्राम पंचायतों को 57 लाख 35 हजार 350 रूपए, कांकेर विकासखण्ड की 64 ग्राम पंचायतों के लिए 84 लाख 64 हजार 380 रूपए, कोयलीबेड़ा की 103 ग्राम पंचायतों के लिए 01 करोड़ 39 लाख 08 हजार 450 रूपए और जनपद पंचायत नरहरपुर की 71 ग्राम पंचायतों के लिए 94 लाख 15 हजार 164 रूपए की राशि जारी की गई है।

### आधार अपडेट के लिए स्कूलों में विशेष अभियान



**कांकेर।** जिले में 5 से 17 वर्ष तक के बच्चों के आधार बायोमेट्रिक अपडेट के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। स्कूलों में लगाए जा रहे शिविरों में यह प्रक्रिया निःशुल्क की जा रही है। प्रशासन के अनुसार 5 वर्ष और 15 वर्ष की आयु पूरी होने पर आधार का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट आवश्यक है। समय पर अपडेट नहीं होने पर भविष्य में 125 रुपये शुल्क देना होगा। अभिभावकों से बच्चों का आधार अपडेट कराकर छात्रवृत्ति, केवाईसी और अन्य सेवाओं का लाभ सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

### अल-नीनो के मद्देनजर कृषि विभाग की किसानों को सलाह

**कांकेर।** अल-नीनो के संभावित प्रभाव से खरीफ सीजन में मानसून के देर से आने और खंड वर्षा की आशंका को देखते हुए कृषि विभाग ने किसानों के लिए सामयिक सलाह जारी की है। किसानों को खेतों की समय पर तैयारी, कम एवं मध्यम अवधि वाली उन्नत किस्मों के चयन तथा धान की रोपा पद्धति के बजाय सीधी बुवाई अपनाने की सलाह दी गई है, जिससे पानी और लागत दोनों की बचत होगी। विभाग ने मेड़बंदी कर वर्षा जल संरक्षण, उच्चभूमि में दलहनी-तिलहनी फसलों को बढ़ावा देने, कतार पद्धति से बुवाई तथा बीज उपचार करने की भी सलाह दी है।

### सड़क हादसे के घायल की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत हुई सड़क दुर्घटना में धमतरी जिला के चनागांव निवासी 50 वर्षीय मिलाप कुमार निषाद पिता भगवानी राम गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया था। अस्पताल में इलाज के दौरान उसका 16 मार्च को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### जीवन रक्षा पदक के लिए नामांकन का मौका

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन गृह विभाग द्वारा जीवन रक्षा पदक सिरीज अंतर्गत 2026 के लिए सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक, उत्तम जीवन रक्षा पदक और जीवन रक्षा पदक पुरस्कार के लिए पात्र व्यक्तियों एवं बच्चों का नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा पुलिस अधीक्षक कांकेर, सीईओ जिला पंचायत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी, सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) और जिला खेल अधिकारी के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

## नपं के पानी टैंकर और ठेकेदार के कर्मचारियों के सहयोग से पाया आग पर काबू

# ट्रक और हाइवा की सीधी भिड़ंत के बाद लगी आग, दोनों वाहन जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पखांजुर

■ फायर ब्रिगेड नहीं होने से तीन घंटे तक जूझते रहे लोग

राष्ट्रीय राजमार्ग 25 पर बुधवार सुबह मटोली चौक के पास हुए भीषण सड़क हादसे ने एक बार फिर परलकोट क्षेत्र में दमकल वाहन की जरूरत और संकीर्ण पुलिया की समस्या को उजागर कर दिया। पखांजूर की ओर जा रहे एक खाली ट्रक और रेत से लदी हाइवा की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर के बाद दोनों वाहनों में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने दोनों वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया और कुछ ही देर में दोनों वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गए। राहत की बात यह रही कि हादसे में दोनों चालकों को केवल मामूली चोटें आईं।

जानकारी के अनुसार बुधवार 24 जून की सुबह करीब साढ़े 6 बजे मटोली चौक के समीप पखांजूर से रेत लेकर लौट रही हाइवा और सामने से आ रहे खाली ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों में तत्काल आग लग गई।

पखांजुर नगर पंचायत में दमकल वाहन उपलब्ध नहीं होने के कारण आग बुझाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नगर पंचायत के पानी टैंकर और स्थानीय ठेकेदार एसआर सरकार के कर्मचारियों के सहयोग से करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इसके बाद क्रेन और जेसीबी की मदद से जले हुए वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात बहाल किया गया। दुर्घटना के कारण करीब पांच घंटे तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन पूरी तरह प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि मटोली चौक के दोनों ओर बनी पुरानी और संकीर्ण पुलिया लगातार हादसों का कारण बन रही हैं। एक वर्ष पूर्व इसी स्थान पर एक शिक्षिका की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई थी। लोगों में घटना को लेकर आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था।



### दमकल नहीं होने के कारण परेशान होते रहे लोग

घटना की खबर मिलते ही पुलिस प्रशासन, नगर पंचायत अध्यक्ष, पार्षद, नगर पंचायत के कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए, परंतु दमकल नहीं हो पाने के कारण पूरा अमला व जनप्रतिनिधि भी परेशान रहे। नागरिकों ने शासन-प्रशासन से मटोली चौक की पुलियाओं के चौड़ीकरण तथा परलकोट क्षेत्र में स्थायी फायर ब्रिगेड की व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि भविष्य में जनहानि और बड़े नुकसान से बचा जा सके।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा मंडल दुर्गुकोंदल ने दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल

भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा मंडल दुर्गुकोंदल द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष बिदेसिंह कल्लो ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए संघर्ष करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया, जिसे राष्ट्र कभी नहीं भुला सकता। मंडल महामंत्री रामचंद्र कल्लो ने कहा कि डॉ. मुखर्जी के विचार आज भी युवाओं और कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। वहीं शकुंतला नरेटी ने कहा कि उनका जीवन देशवासियों को राष्ट्र के प्रति कर्तव्यनिष्ठ रहने की प्रेरणा देता है। जनपद सदस्य एवं सभापति राजू नायक ने डॉ. मुखर्जी के जीवन, संघर्षों और राजनीतिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकता और अखंड भारत के लिए उनका संघर्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना रहेगा। कार्यक्रम में अशोक जैन, मुकेश नरेटी, प्रेम पुड़ो, सिरों कोमरे, रामकिशोर सिन्हा, राहुल जामुलकर, तुकाराम पटेल, गौतम कोटिगल, मनोज दुग्गा, बीरेंद्र जैन, उमेश जैन सहित भाजपा मंडल के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों पर चलने तथा राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

# बासनवाही ग्रामसभा ने प्रधानमंत्री आवास योजना की स्थायी प्रतीक्षा सूची को दी मंजूरी



**बासनवाही।** ग्राम पंचायत बासनवाही में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत वर्ष 2024 के सर्वे के आधार पर तैयार की गई स्थायी प्रतीक्षा सूची के अनुमोदन के लिए ग्रामसभा आयोजित की गई। बैठक में पारदर्शिता और वास्तविक पात्र परिवारों के चयन पर विशेष जोर दिया गया।

प्राप्त दावा-आपत्तियों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा नियमानुसार उनका निराकरण किया गया। इसके बाद पंचों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सहमति से पात्र हितग्राहियों की अंतिम सूची को सर्वसम्मति से मंजूरी प्रदान की गई। बैठक के दौरान ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रावधानों और पात्रता संबंधी नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि योजना का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचना चाहिए, ताकि उनका पक्के मकान का सपना साकार हो सके। ग्राम सभा की विशेषता महिलाओं की बड़ी भागीदारी रही, जो ग्रामीण विकास कार्यों में उनकी बढ़ती जागरूकता और सक्रियता को दर्शाती है। ग्राम सभा की अध्यक्षता उमेश्वरी नागेश ने की। इस अवसर पर जनपद सदस्य पवन नेताम, सरपंच बबीता वट्टी, उपसरपंच अमिताभ नेताम, पंचायत सचिव प्रेमलाल नेताम, पूर्व उपसरपंच चंद्रभान साहू सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कांटागांव की बैठक में संगठन मजबूती और योजनाओं के प्रचार पर दिया जोर



**कोरर।** भाजपा मंडल कोरर अंतर्गत शक्ति केंद्र कांटागांव के ग्राम भोथा में मंडल महामंत्री एवं शक्ति केंद्र प्रभारी नरेंद्र शर्मा, शक्ति केंद्र संयोजक व मंडल मंत्री थान सिंह साहू तथा सहसंयोजक लोकेश साहू की अध्यक्षता में शक्ति केंद्र की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। मंडल महामंत्री नरेंद्र शर्मा ने कहा कि सरकार अंत्योदय की भावना के साथ कार्य कर रही है और प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना पार्टी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से शक्ति केंद्रों में नियमित मासिक बैठकें आयोजित की जाती हैं। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शंकर यादव ने संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक के अंत में अध्यक्षता कर रहे थान सिंह साहू ने सभी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन हित में सक्रिय भूमिका निभाने तथा जनसंपर्क को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर ईश्वर यदु, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पार्वती साहू सहित बूथ अध्यक्षों, कार्यकर्ताओं और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दो महिला कोचियों से 18.5 लीटर शराब जब्त




**कांकेर।** अवैध शराब कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर लगातार दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमार कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में हाथ भट्ठी से बनी महुआ शराब जब्त की है। दोनों मामलों में पुलिस ने महिला आरोपियों के कब्जे से बिक्री के लिए छिपाकर रखी गई शराब बरामद करते हुए आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 23 जून को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मारवाड़ी के धरसापारा में रहने वाली 30 वर्षीय दिलेश्वरी जुर्री पति रोहित जुर्री अपने घर के कमरे में अवैध रूप से हाथ भट्टी से निर्मित देशी महुआ शराब बिक्री के उद्देश्य से छिपाकर रखी हुई है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दबिश दी। तलाशी के दौरान एक सफेद रंग की प्लास्टिक जरकीन बरामद हुई, जिसमें 7.5 लीटर देशी महुआ शराब भरी हुई थी। जब्त शराब की कीमत करीब 750 रुपये आंकी गई है। इसी प्रकार दूसरी कार्रवाई में 24 जून को मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने ग्राम जामगांव में दबिश दी। यहां 42 वर्षीय अनिता बघेल के घर की तलाशी लेने पर कमरे से बिक्री के लिए छिपाकर रखी गई 11 लीटर हाथ भट्टी से बनी अवैध देशी महुआ शराब बरामद की गई। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 1 हजार 100 रुपये बताई गई है।

## लोहे की कढ़ाई से पत्नी के सिर पर किया हमला, गंभीर



■ घरेलू विवाद ने लिया हिंसक रूप

**कांकेर।** शहर की सीमा से लगे ग्राम कोड़ेजुंगा में घरेलू विवाद के दौरान गुस्से में आपा खो बैठे पति ने अपनी पत्नी पर लोहे की कढ़ाई से हमला कर दिया। मामूली बात को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि महिला के सिर पर गंभीर चोट लग गई और खून बहने लगा। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार थाना कांकेर क्षेत्र के ग्राम कोड़ेजुंगा निवासी 35 वर्षीय हेमलता सोनी ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि 23 जून की शाम करीब 4 बजकर 45 मिनट पर वह अपने घर में घरेलू कामकाज में व्यस्त थीं। इसी दौरान उनके पति जितेन्द्र सिंह ठाकुर घर पहुंचे और खाना मांगा। महिला द्वारा खाना खत्म होने की बात कहने पर आरोपी पति नाराज हो गया और गाली-गलौज करने लगा। पीड़िता के अनुसार विवाद बढ़ने पर पति ने उन्हें अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उसने रसोई में सब्जी बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाली लोहे की कढ़ाई उठाकर उनके सिर पर हमला कर दिया। हमले से महिला के सिर पर गंभीर चोट आई और खून निकलने लगा। घटना के बाद महिला ने पुलिस की शरण ली।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी जितेन्द्र सिंह ठाकुर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2), 296 और 351 (3) के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# 5.40 करोड़ की सड़क परियोजना अधर में, क्षेत्रवासी कर रहे शीघ्र निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल




विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम मदले मंगूरपारा से जातावाड़ा तक प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य अब तक प्रारंभ नहीं होने से क्षेत्रवासियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। लगभग पांच किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण के लिए प्रदेश शासन द्वारा करीब 5 करोड़ 40 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई थी। परियोजना का भूमिपूजन भी लगभग छह माह पूर्व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा पखांजुर से किया गया था, लेकिन इसके बावजूद आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि सड़क निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। सड़क स्वीकृत होने और भूमिपूजन संपन्न होने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू होगा तथा वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा। लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने से ग्रामीणों में निराशा और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार मदले मंगूरपारा से जातावाड़ा मार्ग क्षेत्र के अनेक गांवों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। सड़क की वर्तमान स्थिति खराब होने के कारण बरसात के दिनों में लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विद्यार्थियों, किसानों, मरीजों एवं आम नागरिकों को विशेष रूप से परेशानी झेलनी पड़ती है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी। क्षेत्रवासियों ने भी प्रशासन से अव्हान किया कि बरसात के मौसम को देखते हुए सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध हो सके और क्षेत्र के विकास कार्यों को गति मिल सके।

## रणनीतिक सफलता: चयनित छात्रों को मिलेगी छात्रवृति

# एनएमएमएस परीक्षा 2026 में कांकेर का उत्कृष्ट प्रदर्शन, 143 विद्यार्थियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

राष्ट्रीय साधन एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएस) परीक्षा 2026 में उत्तर बस्तर कांकेर जिले के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का गौरव बढ़ाया है। घोषित परिणामों के अनुसार जिले के 143 विद्यार्थियों का छात्रवृत्ति के लिए चयन हुआ है। यह उपलब्धि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सतत शैक्षणिक अनुश्रवण और विद्यार्थियों की नियमित तैयारी का सकारात्मक परिणाम मानी जा रही है।

विद्यार्थियों की सफलता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने पूरे शैक्षणिक सत्र के दौरान विशेष रणनीति के तहत कार्य किया। कक्षा आठवीं के पात्र विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें प्रारंभिक स्तर से ही एनएमएमएस परीक्षा की तैयारी से जोड़ा गया। ओएमआर शीट आधारित अभ्यास, मॉडल प्रश्नपत्र, साप्ताहिक परीक्षण, विषयवार मार्गदर्शन और परिणामों के विश्लेषण के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरूप तैयार किया गया, जिससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ा और बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित हुआ। इस सफलता के पीछे कलेक्टर और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का सतत मार्गदर्शन तथा शिक्षा गुणवत्ता को लेकर उनकी प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण रही। जिला शिक्षा अधिकारी और जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा कांकेर के निर्देशन में सभी विकासखंडों में एनएमएमएस तैयारी अभियान संचालित किया गया।



### सामूहिक प्रयास व समर्पण का परिणाम

जिला शिक्षा अधिकारी और जिला मिशन समन्वयक ने चयनित विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे शैक्षणिक परिवार के सामूहिक प्रयास और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले को शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज